Unit 05. **पारिवारिक स्वास्थ्य नर्सिंग देखभाल**

(Family Health Nursing Care)

Q. परिवार को परिभाषित करें।

Define the family.

उत्तर- परिभाषा (Definition)

जैविक रूप से संबंधित व्यक्तियों का समूह जो एक साथ रहते हैं, एक ही रसोई से भोजन करते हैं, जिसके सदस्य एक ही निवास और एक जैसे सामाजिक परिवेश में रहते हैं, परिवार कहलाता है।

Answer: Definition: A group of biologically related persons who live together, eat from the same kitchen, whose members live in the same residence and in the same social environment, is called a family.

Q. पारिवारिक स्वास्थ्य सेवाएं क्या है? इसके उद्देश्य व सिद्धांतों का वर्णन कीजिए।

What is family health services? Describe its objectives and principles.

उत्तर- पारिवारिक स्वास्थ्य सेवाएं (Family Health Services)

परिवार के विभिन्न सदस्यों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान कर उन्हें रक्षात्मक (preventive), उन्नायक (promotive), उपचारात्मक (therapeutic) तथा पुनर्वास संबंधी (rehabilitative) स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना ही पारिवारिक स्वास्थ्य सेवाएं कहलाता है।

पारिवारिक स्वास्थ्य सेवाओं के उद्देश्य (Objectives of Family Health Services) -

1. परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं तथा समस्याओं का ऑकलन करना।

2. परिवार की आवश्यकतानुसार उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना।

3. परिवार के स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारकों का पता लगाना।

4. परिवार की आवश्यकतानुसार उन्हें स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना।

पारिवारिक स्वास्थ्य सेवाओं के सिद्धांत (Principles of Family Health Services)

परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए निम्न सिद्धांतों को ध्यान में रखना चाहिए-

1. परिवार को प्रदान की जाने वाली सेवाएं परिवार के सदस्यों की आवश्यकतानुसार होनी चाहिए।

2. पारिवारिक स्वास्थ्य सेवाओं के लक्ष्य स्पष्ट तथा लक्ष्यपूर्ति पर आधारित होने चाहिए।

3. सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए नियोजन व क्रियान्वयन में परिवार के सदस्यों को आवश्यक रूप से शामिल करना चाहिए।

4. सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स को परिवार के सामाजिक, आर्थिक स्तर, स्वास्थ्य के प्रति दृष्टिकोण, शैक्षणिक स्तर, स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारक, आदि की सम्पूर्ण जानकारी होना आवश्यक है, ये जानकारी उसे स्वास्थ्य नियोजन में मदद करती है।

5. पारिवारिक स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन के दौरान नर्स को परिवार के धार्मिक विश्वास और परम्पराओं को किसी भी प्रकार से नुकसान नहीं पहुँचाना चाहिए।

6. पारिवारिक स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने के लिए इनमें नियमितता होनी चाहिए।

7. स्वास्थ्य शिक्षा पारिवारिक स्वास्थ्य सेवा का महत्वपूर्ण अंग है। परिवार की आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी परिवार को देनी चाहिए।

8. नैदानिक एवं उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ रक्षात्मक तथा उन्नायक स्वास्थ्य सेवाएं भी परिवार में प्रदान की जानी चाहिए।

9. पारिवारिक स्वास्थ्य सेवाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता पर आधारित होना चाहिए। सर्वाधिक आवश्यकता वाले परिवार को सर्वप्रथम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करनी चाहिए।

10. गृह मुलाकात के समय राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों आदि के बारे में जानकारी प्रदान करनी चाहिए तथा उन्हें इनका लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

11. परिवार में प्रदान की गई सेवाओं के प्रभाव जानने के लिए मूल्यांकन आवश्यक है तथा आवश्यकतानुसार पुनः नियोजन एवं क्रियान्वयन किया जाना चाहिए।

12. परिवार में प्रदान की गई सेवाओं की रिकार्डिंग एवं रिपोर्टिंग की जानी चाहिए।

Answer- Family Health Services is the diagnosis of health related problems of various family members and providing them preventive, promotive, therapeutic and rehabilitative health services. Is called.

Objectives of Family Health Services -

1. To assess the health needs and problems of the family members.

2. To provide better health services to the family as per their need.

3. To find out the factors affecting the health of the family.

4. To provide health education to the family as per their need.

Principles of Family Health Services:

To improve the health of family members and to provide better health services, the following principles should be kept in mind-

1. The services provided to the family should be as per the needs of the family members.

2. The goals of family health services should be clear and based on goal achievement.

3. To make services more effective, family members must be involved in planning and implementation.

4. It is necessary for the community health nurse to have complete information about the social, economic status of the family, attitude towards health, educational level, factors affecting health, etc., this information helps him in health planning.

5. While implementing family health services, the nurse should not harm the religious beliefs and traditions of the family in any way.

6. To make family health services effective, there should be regularity in them.

7. Health education is an important part of family health care. Health related information should be given to the

family as per the need of the family.

8. Along with diagnostic and curative health services, preventive and preventive health services should also be provided in the family.

9. Implementation of family health services should be based on priority. Health services should be provided first to the families in greatest need.

10. At the time of home visit, information should be provided about national health programs etc. and they should be encouaged to take advantage of these.

11. Evaluation is necessary to know the impact of the services provided in the family and re-planning and implementation should be done as per the need.

12. Recording and reporting of services provided to the family should be done

Q. मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं किसे कहते हैं? मातृत्व सेवाओं के विकास के बारे में लिखिए।

What is maternal and child health care? Write about development of maternal health services.

उत्तर- महिलाओं तथा बच्चों को प्रदान की जाने वाली नैदानिक, उपचारात्मक, रक्षात्मक, उन्नायक तथा पुनर्वास संबंधी स्वास्थ्य सेवाएं मातृ एवं शिशु

स्वास्थ्य सेवाएं कहलाती हैं। माताओं और बालकों को विशेष स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करने के कुछ कारण निम्नानुसार हैं-

• देश में माताएं और बच्चे कुल जनसंख्या का बड़ा भाग है।

• भारत में प्रजनन आयु वर्ग 15-44 वर्ष है जिसमे महिलएं 22.4% है।

• 15 वर्ष से कम आयु के बच्चे 36.2% हैं।

दोनों को मिलाकर जनसंख्या का 58.6% भाग महिलाओं और बच्चों का है। अतः जनसंख्या का विशाल भाग होने के कारण माताएं और बच्चे विशेष देखभाल के हकदार हैं।

मातृत्व सेवाओं का विकास (Development of Maternal Health Services)

भोर कमेटी, 1946 (स्वास्थ्य सर्वेक्षण और विकास कमेटी) ने अपने प्रसिद्ध प्रतिवेदन में भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के विकास में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (MCH) सेवाओं को अत्यंत उच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया और कमेटी ने भारत में मातृ मृत्यु दर बहुत उच्च बताई- 1938 में 20 प्रति 1000 जीवित प्रसव।

भोर कमेटी ने यह अनुशंसा की कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं तथा बढ़ते बच्चों के लिए पूरक पोषण भी शामिल रहना चाहिए।

सभी कार्यरत महिलाओं को प्रसव के 6 सप्ताह पूर्व और पश्चात् वेतन भत्तों सहित प्रसूति अवकाश की स्वीकृति भी भोर कमेटी की सिफारिश में शामिल थी।

मातृत्व के स्वास्थ्य की देखभाल प्रारम्भ से ही परिवार कल्याण का भाग रही

है, इन कार्यक्रमों को सन् 1922 में शिशु बचाव (child survival) और सुरक्षित मातृत्व ने सभी योजनाओं को बेहतर क्रियान्वयन के लिये एकीकृत कर लिया और सन् 1997 में प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया जिसमें परिवार नियोजन, शिशु बचाव (child survival) एवं सुरक्षित मातृत्व (safe motherhood), STD / RTI का प्रतिबंध-प्रबन्धन, एड्स आदि से संबंधित कार्यक्रमों को स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच के लिए एकीकृत किया गया। इसका द्वितीय चरण पाँच अप्रैल 2005 से सात वर्षों के लिए प्रारम्भ किया गया।

Answer: Diagnostic, curative, preventive, developmental and rehabilitative health services provided to women and children are called maternal and child health services.

Some reasons for providing special health services to mothers and children are as follows-

• Mothers and children constitute a major part of the total population in the country.

• The reproductive age group in India is 15-44 years in which women constitute 22.4%.

• Children under 15 years of age constitute 36.2%.

Together, women and children constitute 58.6% of the population. Therefore, being a large section of the population, mothers and children deserve special care.

Development of Maternal Health Services Bhor Committee, 1946 (Health Survey and Development Committee) in its famous report emphasized on giving very high priority to Maternal and Child Health (MCH) services in the development of health services in India. And the committee reported the maternal mortality rate in India to be very high – 20 per 1000 live births in 1938.

The Bhor Committee recommended that maternal and child health services should also include supplementary nutrition for pregnant women, lactating mothers and growing children.

Approval of maternity leave with salary and allowances for 6 weeks before and after delivery to all working women was also included in the recommendation of the Bhor Committee.

Maternal health care has been a part of family welfare since the beginning, these programs were integrated in 1922 by child survival and safe motherhood programs for better implementation and in 1997, reproductive and child health programs were integrated.

Launched in which programs related to family planning, child survival and safe motherhood, prevention and control of STD/RTI, AIDS etc.

were integrated into health care access. Its second phase was started from April 5, 2005 for seven years.

Q. मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

Explain objectives of maternal and child health services.

उत्तर- मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के उद्देश्य निम्नलिखित हैं-

1. मातृ मृत्यु दर (maternal mortality rate) तथा मातृ रुग्णता दर में कमी लाना।

2. शिशुओं तथा बच्चों में होने वाली मृत्युदर तथा रुग्णता दर को कम करना।

3. महिलाओं को गर्भावस्था, प्रसव प्रक्रिया तथा सूतिकावस्था के दौरान बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना।

4. परिजनों को महिलाओं तथा बच्चों की सही देखभाल के बारे में जानकारी देना।

5. परिवार के लोगों को माता एवं शिशु संबंधित चलाई जाने वाली सरकारी योजना के बारे में जानकारी देना तथा उन्हें इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना।

6. बच्चों एवं महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं का शुरूआती अवस्था में पता लगाकर उनका उचित उपचार करना।

Answer: The objectives of maternal and child health services are as follows-

1. To reduce maternal mortality rate and maternal morbidity rate.

2. To reduce the mortality and morbidity rates in infants and children.

3. To provide better health services to women during pregnancy, delivery process and menopause.

4. To give information to family members about proper care of women and children.

5. To give information to the family members about the government schemes related to mother and child and motivate them to take advantage of it.

6. To detect the health problems of children and women in their initial stages and provide them proper treatment.

Q. पारिवारिक स्वास्थ्य सेवाओं में सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स की भूमिका एवं कार्य के बारे में लिखिए।

Write about the role and function of community health nurse in family health services?

उत्तर- पारिवारिक स्वास्थ्य सेवाओं में सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स के कार्य निम्नानुसार हैं-

1. परिवार के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करना

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स के द्वारा परिवार की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जाती है, जैसे- परिवार के सदस्यों की संख्या, उम्र, लिंग, शैक्षणिक योग्यता, आर्थिक स्तर, परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, मासिक आय, टीकाकरण, आदि की जानकारी।

2. परिवार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का पता लगाना

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स परिवार के सदस्यों से वार्तालाप कर उनके स्वास्थ्य से जुड़ी हुई समस्याओं का पता लगाती है और परिवार के सदस्यों को उनकी आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराती है।

3. स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जानकारी देना

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स परिवार के सदस्यों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं तथा उनके लाभ के बारे में जानकारी प्रदान करती है तथा उनका लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करती है

4. निरीक्षण करना

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स अधीनस्थ स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता, स्वास्थ्य सहायकों आदि के कार्यों की देखभाल करती है व परिवार के सदस्यों द्वारा प्रदत्त देखभाल का निरीक्षण करती है।

5. स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स के द्वारा व्यक्तिगत एवं सामूहिक शिक्षण प्रदान किया जाता है। वह स्कूल स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों में भाग लेती है, रोगी की विधिवत देखभाल का व्यवहारिक प्रशिक्षण देती है आदि।

6. रिकॉर्डिंग एवं रिपोर्टिंग

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स अनुसंधान हेतु सर्वेक्षण, जनांकिकी आंकड़े एकत्रित करती है। क्लीनिक सेवा, टीकाकरण, परिवार नियोजन आदि सेवाओं की कार्य रिपोर्ट अपने उच्च अधिकारियों एवं स्वास्थ्य एजेन्सी को भेजती है।

Answer: Community health nurse plays an important role in family health services.

The functions of a community health nurse are as follows -

1. Obtaining detailed information about the family.

Detailed information about the family is obtained by the community health nurse, such as number of family members, age, gender, educational qualification, economic level, health related problems of the family members, Information about monthly income, vaccination, etc.

2. To find out the health related problems of the family.

The community health nurse talks to the family members and finds out the health related problems and provides health services to the family members as per their needs.

3. Providing information about health schemes:

Community health nurse provides information to the family members about the schemes run by the government and their benefits and encourages them to take advantage of them.

4. To supervise:

The community health nurse looks after the work of subordinate health workers, health assistants etc. and supervises the care provided by the family members.

5. Providing health education:

Individual and group education is provided by the community health nurse. She participates in school health education programs, provides practical training in proper patient care, etc.

6. Recording and Reporting

Community health nurses collect surveys and demographic data for research. It sends work reports of services like clinic service, vaccination, family planning etc. to its higher officials and health agencies.

Q. परिवार नियोजन सेवाएं क्या है? इसके उद्देश्य भी लिखिए।

What is family planning services? Write its objectives also.

उत्तर- परिवार नियोजन सेवाएं परिवार कल्याण सेवाओं का एक महत्वपूर्ण घटक हैं।

परिवार नियोजन सेवाओं का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या वृद्धि को रोकना है। इन सेवाओं के अन्तर्गत लोगों को परिवार का आकार सीमित रखने हेतु विभिन्न गर्भनिरोधक साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है।

परिवार नियोजन सेवाओं के उद्देश्य -

1. परिवार का आकार सीमित कर जनसंख्या वृद्धि को रोकना।

2. अनचाहे गर्भ से मुक्ति पाना तथा वांछित संतान को जन्म देना।

3. गर्भधारण के बीच के अन्तराल को नियंत्रित करना तथा दो बच्चों में कम से कम तीन साल का अन्तर सुनिश्चित करना।

3. योग्य दम्पत्तियों को उनकी आवश्यकतानुसार गर्भनिरोधन के साधनों की

उपलब्धता सुनिश्चित करना।

Answer- Family planning services are an important component of family welfare services.

The main objective of family planning services is to prevent population growth.

Under these services, availability of various contraceptive means is ensured to the people to limit the family size.

Objectives of family planning services -

1. To stop population growth by limiting family size.

2. To get freedom from unwanted pregnancy and to give birth to the desired child.

3. Controlling the interval between pregnancies and ensuring a gap of at least three years between two children.

3. To ensure availability of contraceptive means to eligible couples as per their requirement.

Q. गर्भनिरोधक को परिभाषित करें।

Define contraception?

उत्तर- गर्भनिरोधक का अर्थ अनचाहे गर्भ से मुक्ति पाना है। ऐसे साधन जो महिला को अनचाही गर्भावस्था से बचाने हेतु उपयोग में लाए जाते हैं, गर्भनिरोधक साधन कहलाते हैं।

Answer: Contraception means getting relief from unwanted pregnancy. Such means which are used to protect a woman from unwanted pregnancy are called contraceptive means.

Q. गर्भनिरोधक की अस्थायी विधियों का वर्णन कीजिए।

Describe the temporary methods of contraception.

उत्तर- ये परिवार नियोजन की अस्थायी तथा सामान्य विधियाँ है, जिनका उपयोग अवांछित गर्भ की रोकथाम एवं शिशु जन्म में अन्तराल देने के लिए किया जाता है इनमें निम्न विधियाँ सम्मिलित की जाती हैं-

1. अवरोधक साधन (Barrier Methods)

बैरियर विधि के द्वारा स्पर्म के योनि में स्थानांतरण की रोकथाम की जाती है. अन्य शब्दों में बैरियर विधि के द्वारा fertilization की रोकथाम की जाती है।

अवरोधक साधन तीन प्रकार के होते हैं, भौतिक साधन, रासायनिक साधन एवं संयुक्त साधन। इनके प्रकार निम्नलिखित हैं-

(a) मेल कंडोम या निरोध यह एक प्रकार का भौतिक अवरोधक साधन है। यह रबर या पॉलीथीन से निर्मित होता है। यह विश्व में सबसे अधिक प्रचलित साधन है।

कंडोम सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध होते हैं।



Fig. नर कंडोम (male condom)



(b) फीमेल कंडोम यह स्त्रियों की शारीरिक संरचना के अनुसार विकसित किया गया कंडोम है जिसे intercourse से पूर्व vagina में लगाया जाता है।

इसे fem shield के नाम से भी जाना जाता है।

(c) वेजाइनल क्रीम वेजाइनल क्रीम को vagina में intercourse के तुरन्त पहले लगाया जाता है।

वेजाइनल क्रीम, जैली, फिल्म के रूप में उपलब्ध हैं, वेजाइनल फिल्म को भी वेजाइना में डाला जाता है, ये फिल्म वेजाइना में जाकर जैली में बदल जाती

है। इस जैल में केमिकल पाया जाता है जो कि वीर्य (sperm) के सम्पर्क में आते ही स्पर्म को नष्ट कर देता है।

(d) वेजाइनल डायफ्राम यह वेजाइना के अन्दर उपयोग में आने वाला उपकरण है जो कि रबर द्वारा निर्मित होता है इसके किनारे पर धातु या spring की रिंग होती है।

इसे intercourse से तीन घंटे पूर्व वेजाइना में लगाया जाता है एवं intercourse के 6 घंटे बाद हटाया जाता है।

2. अन्तः गर्भाशयी साधन [Intra Uterine Device (IUD)] - Intra uterine devices गर्भनिरोधक के प्रमुख साधन हैं, जिनका विस्तृत पैमाने पर उपयोग किया जाता है।

सन् 1929 में सर्वप्रथम चाँदी युक्त IUD का उपयोग किया गया। Intra Uterine Devices के निम्न प्रकार हैं-

(i) साधारण IUD या औषधिविहीन IUD -

(a) कॉपर T200 -

उपरोक्त सभी IUDs में कॉपर-टी सर्वाधिक प्रचलित है।

पॉलीथीन निर्मित '"T' आकार की संरचना के चारों ओर ताँबे का पतला तार लिपटा होता है जिसका क्षेत्रफल 200 mm^2 होता है।

कॉपर T में 120 mg ताँबा होता है इससे प्रतिदिन लगभग 50 mgm ताँबा गर्भाशय में मुक्त होता रहता है, जिसमें Cu" आयन होते हैं, ये आयन gametotoxic एवं spermeolytic गुण रखते हैं एवं साथ ही zygote का endomatrium में implantation होने से रोकते हैं। कॉपर T को प्रत्येक 3 वर्ष बाद निकाल दिया जाता है।

(b) कॉपर T380A -

यह भी कॉपर T है परन्तु इसका क्षेत्रफल 380 mm^2 होने के कारण इसे 380A नाम दिया गया है।

इसमें कॉपर T के ऊपर बेरियम होता है जो कि रेडियोएक्टिव होता है अतः X-ray द्वारा इसकी स्थिति का पता लगाया जा सकता है। इसे प्रत्येक दस वर्ष पश्चात अलग कर दिया जाता है।

(c) मल्टीलोड 250 -

यह भी कॉपर T' के समान ही होती है इससे प्रतिदिन Cu" आयन मुक्त होते रहते हैं, इसे भी प्रत्येक 3 वर्ष में बदल दिया जाता है।

(d) मल्टीलोड 375 -

क्षेत्रफल में 375mm^2 होने के कारण इसे मल्टीलोड 375 नाम दिया गया है। इसे प्रत्येक 5 वर्ष में बदल दिया जाता है।

(ii) हार्मोनयुक्त IUD -

(a) Progestasert -

यह हार्मोनयुक्त IUD होती है जिसमें 38 mg प्रोजेस्टिरोन रहता है, इससे प्रतिदिन लगभग 65 mgm हार्मोन शरीर में विसर्जित होता रहता है जिसके कारण गर्भधारण नहीं हो पाता है। ये विधि अधिक प्रचलित नहीं है।

(b) LNG-IUS-LNG-

IUS से तात्पर्य Levonorgestrel Intrauterine System से है।

यह एक T आकृति का उपकरण है इसमें लगभग 52 mg Levonorgestrel हार्मोन होता है जो 20 mg/day की दर से शरीर में विसर्जित होता रहता है। इसे प्रत्येक 5 वर्ष में बदल दिया जाता है।

3. मुखीय गर्भनिरोधक गोलियां भारत में गर्भनिरोधक के लिए oral pills का व्यापक उपयोग किया जाता है।

इन pills में combined oral pills अधिक उपयोग में ली जाती हैं।

(a) Combined Oral Contraceptive -

यह माला-N एवं माला-D नाम से प्रचलित हैं।

इनका उपयोग मासिक धर्म के पांचवें दिन से प्रारम्भ किया जाता है एवं ये 21 दिन तक ली जाती हैं।

इनका कार्य ovulation को रोकना या निलंबित रखना है जिससे ovum मुक्त नहीं होता है एवं गर्भधारण अनुपस्थित रहता है।

Combined Oral Contraceptive Pills में दोनों हार्मोन estrogen एवं progesterone उपस्थित रहते हैं।

(b) प्रोजेस्ट्रोन पिल्स [Progestin-Only Pill (POP)

इस मुखीय गर्भनिरोधक में सिर्फ प्रोजिस्ट्रोन होता है और इस्ट्रोजन अनुपस्थित रहता है।

इसका उपयोग मासिक धर्म के प्रथम दिन से किया जाता है इसके उपयोग से सरवाइकल म्यूकस एवं एन्डोमीट्रीयम में परिवर्तन आते हैं फलस्वरूप गर्भधारण नहीं होता।

(c) Emergency Contraception इनका उपयोग unprotected intercourse, missed oral pill, unplanned intercourse, condom rupture जैसी परिस्थितियों में किया जाता है।

4. गर्भनिरोधक की प्राकृतिक विधि (Natural Method)

गर्भनिरोधक के प्राकृतिक उपाय अर्थात् जिनमें किसी प्रकार की devices या दवा का उपयोग आवश्यक नहीं होता है, यह निम्न हैं-

(a) Rhythm -

इसमें मासिक धर्म के आरम्भ का ध्यान रखा जाता है एवं 10वें दिन से 18वें दिन तक coitus को avoid किया जाता है, क्योंकि 10वें 18वें दिन तक का समय risk period होता है, शेष दिन safe period कहलाता है।

Safe period में संभोग किया जाए तो महिला के गर्भवती होने की संभावना काफी कम होती है।

(b) Coitus Interrupts

इसे withdrawal method भी कहा जाता है।

इसमें संभोग के दौरान पुरुष स्खलन से ठीक पहले अपने शिश्न (penis) को महिला की योनि से बाहर निकाल देता है जिससे वीर्य (sperm) वेजाइना में प्रवेश नहीं कर पाता है।

(c) Breast Feeding

डिलीवरी के बाद यदि महिला अपने शिशु को एकमात्र स्तनपान कराती है तो यह प्राकृतिक रूप से गर्भनिरोधक का कार्य करता है।

इसे Lactational amenorrhoea method (LAM) भी कहा जाता है, लेकिन यह विधि शिशु को अन्य आहार देने पर प्रभावी नहीं रहती है।

Answer -

These are temporary and general methods of family planning, which are used to prevent unwanted pregnancy

and to delay child birth. The following methods are included in these -

1. Barrier Methods:

Transfer of sperm into the vagina is prevented through the barrier method. In other words, fertilization is prevented through the barrier method.

There are three types of barrier means, physical means, chemical means and combined means. Their types are as follows-

(a) Male condom

condom is a type of physical barrier. It is made of rubber or polyethylene.

This is the most popular instrument in the world. Condoms are available free of cost in government hospitals.

(b) Female condom:

This is a condom developed according to the physical structure of women, which is applied in the vagina before intercourse. It is also known as fem shield.

(c) Vaginal cream Vaginal cream is applied in the vagina immediately before intercourse.

Vaginal creams are available in the form of jelly, film, vaginal film is also inserted into the vagina, this film turns into jelly after going into the vagina.

A chemical is found in this gel which destroys the sperm as soon as it comes in contact with the semen.

(d) Vaginal diaphragm:

This is a device used inside the vagina which is made of rubber and has a metal or spring ring on its edge.

It is applied in the vagina three hours before intercourse and removed 6 hours after intercourse.

2. Intra Uterine Device (IUD) -

Intra uterine devices are the main means of contraception, which are used on a wide scale. The first silver-containing IUD was used in 1929. Following are the types of Intra Uterine Devices-

(i) Ordinary IUD or drug-free IUD -

(a) Copper T200 –

Copper-T is the most popular among all the above mentioned IUDs. A thin copper wire is wrapped around a '"T' shaped structure made of polyethylene, which has an area of 200 mm².

The copper T contains 120 mg of copper. Due to this, about 50 mgm of copper is released in the uterus every day, which contains Cu ions, these ions

Have gametotoxic and spermeolytic properties and also implantation of zygote in endomatrium. Prevent it from happening. The Copper T is removed every 3 years.

(b) Copper T380A –

This is also Copper T but because its area is 380 mm², it is named 380A.

In this, there is barium above the copper T which is radioactive, hence its position can be detected by X-ray. It is separated after every ten years.

(c) Multiload 250 -

This is also similar to Copper T', Cu" ions keep getting released every day, it is also changed every 3 years.

(d) Multiload 375 -

Due to its area being 375mm², it has been named Multiload 375. It is changed every 5 years.

(ii) Hormonal IUD -

(a) Progestasert -

This is a hormonal IUD which contains 38 mg progesterone, due to which about 65 mgm of hormone is released into the body every day, due to which pregnancy is not possible. This method is not very popular.

(b) LNG-IUS-LNG-

IUS means Levonorgestrel Intrauterine System. It is a T shaped device.

It contains about 52 mg of Levonorgestrel hormone which is released into the body at the rate of 20 mg/day. It is changed every 5 years.

3. Oral contraceptive pills:

Oral pills are widely used for contraception in India. Among these pills, combined oral pills are used more.

(a) Combined Oral Contraceptive –

These are popular by the names Mala-N and Mala-D. They are used during menstruation It is started from the fifth day and is taken for 21 days.

Their function is to stop or suspend ovulation so that the ovum is not released and pregnancy is absent. Both hormones estrogen and progesterone are present in Combined Oral Contraceptive Pills.

(b) Progestin-Only Pill (POP)

This oral contraceptive contains only progesterone and estrogen is absent. It is used from the first day of menstruation.

Its use causes changes in cervical mucus and endometrium and as a result pregnancy does not occur.

(c) Emergency Contraception

These are used in situations like unprotected intercourse, missed oral pill, unplanned intercourse, condom rupture.

4. Natural Method of Contraception: Natural methods of contraception, i.e. those in which the use of any kind of devices or medicine is not necessary, are as follows-

(a) Rhythm -

In this, the onset of menstruation is taken care of and coitus is avoided from the 10th day to the 18th day, because the time from 10th to 18th day is the risk period, the remaining days are called safe period. If sexual intercourse is done during the safe period, the chances of a woman getting pregnant are very less.

(b) Coitus Interrupts:

This is also called withdrawal method. In this, during intercourse, the man takes his penis out of the woman's vagina just before ejaculation, due to which the semen is not able to enter the vagina.

(c) Breast Feeding:

If a woman exclusively breastfeeds her baby after delivery, it acts as a natural contraceptive. This is also called Lactational amenorrhoea method (LAM), but this method is not effective when giving other foods to the baby.

Q. गर्भनिरोधक की स्थायी विधियों को समझाइए।

Describe the permanent methods of contraception.

उत्तर- यह गर्भनिरोधक की स्थायी विधियाँ हैं, इन्हें sterilization method भी कहा जाता है। यह पुरुष एवं स्त्री दोनों के लिए होती हैं।

1. नसबंदी (Vasectomy) -

यह male sterilization की विधि है जिसमें दोनों vas deferens को काट दिया जाता है एवं काटे हुए सिरों को बाँध दिया जाता है।

लाभ-

1. सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती रहने की आवश्यकता नहीं होती।
2. ट्यूबेक्टोमी की तुलना में इसकी सर्जरी आसान होती है।
3. असफलता दर कम होती है।
4. सर्जरी में खर्च कम होता है।

वर्तमान में इसे NSV (Non-Surgical Vasectomy) कहते हैं, इसमें चीरे (incision) की size बहुत छोटी होती है एवं यह बहुत आसान होती है।

वेसक्टोमी के पश्चात् व्यक्ति को कुछ दिन तक भार वाली वस्तु उठाने को मना किया जाता है तथा साइकिल चलाने के लिए भी मना किया जाता है।

साथ ही एक माह तक गर्भनिरोधक का उपयोग करने की सलाह दी जाती है।

